

नवभारत 09
इंदौर, रविवार, 15 मार्च , 2026

# नेशनल लोक अदालत : 9 खंडपीठों में 1891 प्रकरण निराकृत

**6 करोड़ 81 लाख 12 हजार 6054 रूपये अवार्ड पारित**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर म0प्र0 एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एिवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14/03/2026 को जिला न्यायालय बुरहानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय, संजीव सचदेवा द्वारा वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कुल 09 खंडपीठ गठित की गई। लोक अदालत के माध्यम से कुल 1891 प्रकरण निराकृत किये गये। जिनमें न्यायालय में लंबित समझौता योग्य 319 प्रकरण एवं प्रिलीटिगेशन से संबंधित बैंकों के प्रकरण, नगरपालिका के सम्पत्ति कर,जलकर तथा विद्युत विभाग, बीएसएनएल के प्रिलिटिगेशन के कुल 1572 मामलों का निराकरण हुआ है। उक्त निराकृत मामलों में 6,81,12,654 रूपये आवार्ड पारित किया और 2198 व्यक्ति लाभान्वित हुये।

उक्त अवसर पर आशिता श्रीवास्तव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तनवीर अहमद खान, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, इन्दु कान्त तिवारी, प्रथम जिला न्यायाधीश, निलेश कुमार जिरेती, द्वितीय जिला न्यायाधीश, सरिता जतारिया, मुख्य न्यायिक मजि0, प्रेमदीप सांकला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुरहानपुर के साथ ही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ,सचिव संतोष देवताले एवं समस्त न्यायिक मजि0, अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारी, अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, खण्डपीठ के अधिवक्ता सदस्यगण, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 9 खंडपीठ गठित की गई। इनमें न्यायालयों में लंबित लगभग 692 प्रकरण एवं प्रिलिटिगेश के 2409 प्रकरण रखे गए है। जिन पक्षकारों का लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण हुआ है उन्हें संबंधित न्यायालय द्वारा पौधा वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। कुटुम्ब न्यायालय द्वारा भी कई प्रकरणों में राजीनामा करवाकर लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करवाया गया और पक्षकारों को पौधा वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। लोक अदालत में पैरालीगल वॉलेन्टियर्स नंदकिशोर जांगड़े, राजू मनोहर भंवरे द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

## सांसद-विधायक और महापौर ने किया डोम निर्माण के लिए भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक अर्चना चिटनीस, महापौर माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने सहित जनप्रतिनिधियों ने रास्तीपुरा वार्ड के गीता दत्त नगर स्थित स्वामी समर्थ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना अंतर्गत 10 लाख की लागत से निर्मित होने वाले डोम निर्माण कार्य का शनिवार को विधिवत भूमिपूजन किया। यह सौगात सांसद द्वारा विशेष निधि से दी गई है।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि स्वामी समर्थ मंदिर परिसर में बनने वाला यह डोम क्षेत्र के नागरिकों के सामाजिक,धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार विकास के निरंतर कार्य कर रही हैं। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्य आगे भी किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक अर्चना चिटनीस ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता दत्त नगर क्षेत्र में डोम निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों को सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। महापौर माधुरी अतुल पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि डोम के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को सामाजिक,सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए एक सुसज्जित और सुविधा जनक स्थल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। क्षेत्र के विकास कार्यों में नागरिकों के सहयोग की भी सराहना की।

कार्यक्रम को डॉ मनोज माने , पूर्व महापौर अनिल भोसले,किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे ने भी सम्बोधित किया। स्वागत उद्बोधन निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने दिया। आभार अधिवक्ता कैलाश यावतकर ने माना। संचालन शिक्षक संजय गुप्ता ने किया। पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार,महामंत्री संजय जाधव, ईश्वर चौहान, चिंतामन महाजन, भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील उपस्थित थे।

## सांसद पाटिल ने सौंपा 50 हजार का चेक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चलाए जा रहे आजीवन सहयोग निधी अंतर्गत राजनीतिक क्षेत्र में आर्थिक शुचिता एवं स्वावलंबन के लिए 2026 के राज्यव्यापी कार्यक्रम के अन्तर्गत खंडवा-बुरहानपुर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने भाजपा जिला महामंत्री एवं आजीवन सहयोग निधि बुरहानपुर विधानसभा प्रभारी चिन्तामन महाजन , जिला कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक को 50 हजार की समर्पण राशि का स्वयं का चेक एवं जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का 11 हजार की राशी का समर्पण निधि का चेक प्रदान किया।

## जंगली सूअर का मांस ले जा रहे दो आरोपियों गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** वनपरिक्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत दिनांक 13/03/2026 समय लगभग रात्रि 09 बजे पुलिस थाना शाहपुर की सूचना पर एवं वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में वन्य प्राणी जंगली सुअर का मांस ले जाते हुए दो आरोपियों को पकडा गया। आरोपियों से जंगली सुअर का 8 किलो मांस जप्त किया गया। आरोपियों की पहचान बादलसिंग पिता कमालसिंग उम्र 35 वर्ष जाति पारधी निवासी ग्राम भीलखेडी पोस्ट कुमठा तहसील जिला खण्डवा म.प्र., मेहदुरसिंग पिता बहादुरसिंग उम्र 38 वर्ष जाति पारधी निवासी ग्राम भीलखेडी पोस्ट कुमठा तहसील जिला खण्डवा म.प्रऊके रूप में की गई। आरोपियों से 01 बडा चाकु ,02 दराती, 01 जाल एवं दो पहिया वाहन जप्त किया गया। आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया कि उनके द्वारा बंभाडा गांव के नजदीक राजस्व क्षेत्र में खेत की मेढ के पास जांल लगाकर जंगली सुअर को मारा गया तथा धारदार हथियार से कांटकर, टुकडे कर बेचने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया गया है ।कार्रवाई के दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी शाहपुर, सुश्री श्यामलता मेरावी, परिक्षेत्र सहायक मोहद,अरूण सातव, बीटगार्ड उत्तर बंभाडा, ब्रजलाल निम्भोरकर,अजय दामडे, वनरक्षक एवं अभिषेक शर्माए वनरक्षक सुनिल तायड़े आदि थे।

## नि :शुल्क मेडिटेशन क्लास लगेगी आज



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** बदलते मौसम और बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए योग गुरु एवं शिक्षिका दीपिका शाह चौकसे द्वारा हैप्पी संडे 15 मार्च को नि:शुल्क मेडिटेशन क्लास का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गायत्री मंदिर के समीप आयोजित होगा। यह मेडिटेशन सत्र सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक लगेगा। इसमें रिलैक्सेशन, एंजायटी नियंत्रण तथा तनाव मुक्त जीवन के लिए विशेष ध्यान अभ्यास कराया जाएगा।

शिक्षिका दीपिका शाह चौकसे ने बताया कि बदलता मौसम, असंतुलित खानपान और बढ़ता मानसिक तनाव,नींद नहीं आना कई बीमारियों की जड़ बनते जा रहे हैं। यदि व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखे और नियमित रूप से योग व ध्यान का अभ्यास करे, तो शरीर और मन दोनों स्वस्थ रह सकते हैं।इसी उद्देश्य से हैप्पी संडे के रूप में एक घंटे का मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क है। आयोजकों ने प्रतिभागियों से ट्रेस कोड के रूप में सफेद परिधान पहनकर आने की अपील की है।

## चोरी के केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नेपानगर।** खकनार पुलिस व्दारा चोरी के प्रकरण मे फरार चल रहे तीसरे आरोपी को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार। पुलिस के अनुसार चौकी देडतलाई थाना खकनार क्षेत्र के ग्राम देडतलाई के फरियादी अनिल पिता चिंताराम मार्को के खेत से 23 फरवरी की रात अज्ञात आरोपियों द्वारा खेत की पानी पनडुब्बी मोटर व केबल वायर चुराकर ले गये थे।

जानकारी अनुसार फरियादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर मामला जांच में लिया गया। पिछले दिनों दो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। जहां से जेल वारंट बनने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। प्रकरण मे तीसरा आरोपी सतीश पिता छोटेलाल उम्र 23 साल निवासी कुसुमकोट थाना धारणी जिला अमरावती का फरार चल रहा था। थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को सूचना मिली कि आरोपी सतीश अपने घर पर आया हुआ है तो सूचना पर विश्वास कर चौकी प्रभारी शंकर लोने,आरक्षक जय, आयुष व सैनिक गौरव को रवाना किया। आरोपी सतीश पिता छोटेलाल को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है।

## महापौर पटेल और निगमायुक्त श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** आज नगर निगम द्वारा सेवा सदन लॉ कॉलेज के प्रज्ञा हाल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमे लोक अदालत के लिए शहर वासियों को कर जमा करने हेतु नगर निगम द्वारा 48 वार्डो के काउंटर बनाए गए थे नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर एवं जलकर राजस्व वसूली शिविर का निरीक्षण महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने शिविर में की जा रही कर वसूली की प्रक्रिया और नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को कर भुगतान में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से नागरिकों को बकाया सम्पत्ति कर और जलकर का भुगतान करने का अच्छा अवसर मिलता है, जिससे उन्हें पेनल्टी और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं से भी राहत मिलती है। निरीक्षण के दौरान निगम के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा प्रकरण तैयार किए गए थे जिसमें राजस्व के 27 प्रकरण का निराकरण कर 4 लाख 78 हजार व संपत्ति कर के 1043 प्रकरण निपटाकर 53 लाख 40 हजार निगम द्वारा आज शाम 05 बजे समाचार लिखे जाने तक कुल राशि 58 लाख 18 हजार वसूल की गई। महापौर ने नागरिकों से भी अपील की कि वे लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया करों का समय पर भुगतान कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें। लोक अदालत में निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ,राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 19 मार्च से, परंपरागत साड़ियों और अन्य कपड़ों की लगेंगी विशेष दुकानें...

## मेले में धार्मिक आस्था, संस्कृति और ग्रामीण परंपरा का अनोखा संगम मिलेगा : चिटनिस

**19 मार्च 2026 गुरुवार गुड़ी पड़वा से 27 मार्च 2026 शुक्रवार श्रीराम नवमी तक मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी मंदिर परिसर में 19 मार्च 2026 गुरुवार गुड़ी पड़वा से 27 मार्च 2026 शुक्रवार श्रीराम नवमी तक मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले का आयोजन किया जाएगा। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की विशेष उपस्थिति में आयोजित बैठक में मेले की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

चिटनिस ने बताया कि मेले में धार्मिक आस्था, संस्कृति, ग्रामीण परंपरा और मनोरंजन का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। नौ दिनों तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, वहीं दिन में किसानों के लिए कृषि से जुड़े कार्यक्रम होंगे।

**भव्य दिंडी पदयात्रा से होगा मेले का शुभारंभ:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले का शुभारंभ 19 मार्च 2026 गुरुवार को भव्य दिंडी पदयात्रा से किया जाएगा। यह पदयात्रा शाम 5 बजे ग्राम बंभाड़ा स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर से प्रारंभ होकर मां वाघेश्वरी मंदिर ग्राम धामनगांव पहुंचेगी। पदयात्रा में कीर्तनकारए भजन मंडलियांए वारकरी दिंडी मंडल तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

**प्रतिदिन शाम 6 बजे से आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम:-** मेले के दौरान प्रतिदिन शाम 6 बजे से विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 20 मार्च 2026 शुक्रवार को संदीप पाल महाराज द्वारा नव खंजरी के फूल कॉमेडी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। 21 मार्च 2026 शनिवार को ब्रह्मपुर कला कौशल द्वारा व्यायामशालाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 मार्च 2026 रविवार को पारंपरिक कांटा.कुश्ती का विशाल आम दंगल आयोजित होगा। 23 मार्च 2026 सोमवार को नागपुर की चंद्रमुखी लावणी डांस ग्रुप द्वारा मराठी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 मार्च 2026 मंगलवार को बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजेगा और भजन संध्या आयोजित होगी। 25 मार्च 2026 बुधवार को इंडियन आइडल फेम गायक राहुल द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।26 मार्च 2026 गुरुवार को शेखर निरंजन भाखरे सिल्लौड द्वारा भारुंड रंग की प्रस्तुति होगी। 27 मार्च 2026 शुक्रवार को अरुण मनी लख्खा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा।

**खेल प्रतियोगिताओं का भी होगा आयोजन:-** ग्रामोदय मेले के अंतर्गत 19 मार्च 2026 गुरुवार से 27 मार्च 2026 शुक्रवार तक क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 25 मार्च 2026 बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता का फइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**ग्रामोदय मेले में हस्तशिल्प,बाजार और मनोरंजन के आकर्षण:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले में इस वर्ष हस्तशिल्प और वस्त्र बाजार के साथ मनोरंजन के भी कई आकर्षण देखने को मिलेंगे। मेले में महाराष्ट्र की पारंपरिक साड़ियां, चंदेरी व महेश्वरी साड़ियां, बाग प्रिंट के वस्त्र, लेदर से बने बेल्ट, पर्स, कोल्हापुरी चप्पल और सैंडल की दुकानें लगेंगी। इसके साथ ही रेडीमेड कपड़ों, आर्टिफिशियल आभूषणों, लकड़ी के खिलौनों तथा ग्रामीण व आदिवासी महिलाओं की पसंदीदा साड़ियों और गमछों की विशेष दुकानें भी रहेंगी। परिवार और बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट.घोड़े की सवारी तथा स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी विशेष चैपाटी भी आकर्षण रहेगी।

**किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम:-** ग्रामोदय मेले में किसानों के लिए 19 मार्च से 27 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से कृषि आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें आधुनिक खेती की तकनीक, कपास की नई वैरायटी, कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी,प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण तथा उद्यानिकी और वन विभाग द्वारा पौधों का वितरण किया जाएगा। प्राकृतिक खेती विषय पर डॉ.श्रीराम हैदराबाद किसानों से संवाद करेंगे। साथ ही मिट्टी, जल और ऊर्जा संरक्षण विषय पर विशेष कार्यशाला भी जाएगी।

**16 वर्षो से ग्रामीण परिवेश में झोपड़ी में रात्रि विश्राम कर निभा रही हैं अनूठी परंपरा:-** ज्ञात हो कि विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस पिछले लगभग 16 वर्षों से चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों तक ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी मंदिर परिसर में ग्रामीण परिवेश में बनी साधारण झोपड़ी में रात्रि विश्राम करती हैं। इस दौरान वे गांव में रहकर ग्रामीणों के बीच संवाद करती हैं और जल संरक्षण, स्वच्छता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार, योग.प्राणायाम तथा परंपरागत कृषि पद्धति जैसे विषयों पर जनजागरण का कार्य करती हैं। ग्राम धामनगांव में आयोजित होने वाला मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला आज धार्मिक आस्था, संस्कृति और ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है, जिसमें क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनता उत्साहपूर्वक भागीदारी करती है।

ग्रामोदय मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बैठक में विरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पाटिल, किशोर पाटिल, चिंतामन महाजन,प्रभाकर चैधरी, अशोक पाटिल, अरूण सूर्यवंशी, दिनकर महाजन, मनोज चैधरी, स्वर्णसिंह बर्ने, देवानंद पाटिल, अमोल पाटिल, वैभव महाजन, कन्हैया महाजन, धनराज महाजन,दिवाकर कोली, फिरोज तडवी, नितिन महाजन, आकाश राखुंडे, गणेश महाजन,अक्षय पाटिल, कनिराम राठौड़, गोपाल चैधरी, विठ्ठल किरोचे,सचिन मोपारी, योगेश चैधरी,राजू पाटिल, दिनकर महाजन, स्वप्निल पाटिल, मयूर पाटिल, श्रीकांत सोनवने, राजेश पाटिल, जयेश राउत, अशोक महाजन, प्रफुल लोखंडे, नरेश महाजन एवं रोशन पाटिल, जीतू नहते, निलेश राठौर, अंकुश भंवरे सहित समस्त जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन



**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 15 मार्च को विभिन्न विकास कार्यों की सौगातों के साथ नेपानगर में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 363 करोड़ 82 लाख रूपये के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जायेगा। प्रस्तावित जनजातीय सम्मेलन एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित रहेगी। लेख है कि नेपानगर विधानसभा क्षेत्र जो कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, में जनजातीय समुदाय के हितों एवं सहभागिता के लिये आयोजित जनजातीय सम्मेलन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी एवं संवाद भी स्थापित किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल नेपानगर के नेहरू स्टेडियम में कृषि एवं उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन, वन विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी आयोजित रहेगी। विकास कार्यों की सौगातों के साथ-साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम हेतु जिला प्रशासन की तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है।

## नो पार्किंग में लगे वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश बारवाल एवं स्टाफद्वारा आज दिनांक 14/03/2026 को पुलिस बल एवं नगर निगम विभाग के साथ त्योहारों के चलते शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सड़क किनारे दुकानों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया। उक्त कार्यवाही जय स्तंभ, मंडी चौक,सुभाष चौक,गांधी चौक, फूल चौक कमल चौक, शिवकुमार प्रतिमा, के सामने लगी अस्त-व्यस्त वाहनों को जप्त कर थाने खड़ा किया गया एवं अतिक्रमण दुरस्त की कार्यवाही की गई। आमजन एवं व्यापारियों से अपील भी की गई है कि त्योहारों के चलते शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर सामान रख अतिक्रमण न करें। पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

## बुरहानपुर की जूनियर नेटबॉल टीमें राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए मंदसौर रवाना



**बुरहानपुर।** खेल जगत में जिले का परचम लहराने के उद्देश्य से बुरहानपुर की जूनियर नेटबॉल टीमें मंदसौर के लिए रवाना हो गई हैं। जिला बुरहानपुर नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव अश्विन काटे ने बताया कि जिले की टीमें मंदसौर के शामगढ़ में आयोजित होने वाली 4थी जूनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप, 2री फास्ट.5 जूनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप एवं 2री जूनियर स्टेट मिक्स्ड नेटबॉल चैंपियनशिप में बुरहानपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 15 से 17 मार्च 2026 तक मंदसौर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मिडिल ग्राउंड, शामगढ़ में आयोजित की जा रही है।

**प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी:-** ट्रेडिशनल जूनियर टीम ;बालक, गोवर्धन चौधरी,तुषार पाटिल, सिद्धराज पाटिल,गजेंद्र महाजन, संदीप राठौड़, चेतन आंबोरे, लोकेश पाटिल, दीपक जाधव, दुर्गेश राठौर एवं अक्षय चौधरी।

**फास्ट.फाइव 5 जूनियर टीम:-** निकुंज वैष्णव, रोहित महाजन, शेषराव पाटिल, नैतिक पाटिल, तन्मय निंबालकर, निशांत कापसे, विवेक शिंदे, हर्षल देशमुख, सौरभ सोनवणे एवं ज्ञानेश्वर राठौर।

**उत्साहवर्धन एवं विदाई:-** खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर जिला नेटबॉल संघ के आनंद जाधव, मयूर धाबे, सचिन धाबे, स्वप्निल वराडे,लखन बारी, अक्षय काटेकर और कपिल महाजन ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं। टीम के साथ अश्विन काटे बतौर टीम मैनेजर और दीपक पाटिल मुख्य कोच के रूप में मार्गदर्शन करेंगे।

## महिलाओं ने भजन कीर्तन कर दिया आंदोलन को समर्थन, 5 दिनों से धरने पर बैठी हैं महिला पार्षद



**नेपानगर।** नगर में विकास कार्योंए लंबित निर्माण कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद के सामने चल रहे धरने के पांचवें दिन नगर की महिलाओं ने अनोखे अंदाज में अपना समर्थन व्यक्त किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर मां दुर्गा का स्मरण करते हुए आंदोलन को समर्थन दिया और नगर के विकास कार्य जल्द शुरू होने की प्रार्थना की। वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद योगिता पाटिल ने बताया कि नगर पालिका परिषद में निर्माण कार्यों में हो रही लापरवाही और लंबे समय से लंबित पड़े कार्यों को लेकर 9 मार्च से धरना दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज दिनांक तक जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस जवाब प्राप्त नहीं हुआ है जिससे नगरवासियों में निराशा और आक्रोश है। उन्होंने बताया कि धरने के माध्यम से हमारी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं कि निर्माण कार्यों में हो रही लापरवाही तुरंत बंद की जाए। प्रस्तावित निर्माण कार्यों को जल्द जमीन स्तर पर शुरू किया जाए। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में शुरू होकर पूर्ण किए जाएं। पीआईसी और परिषद की बैठकों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की फाइल बनाकर समय पर तकनीकी स्वीकृति ली जाए। बाबा साहब आंबेडकर चौराहा से रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाए। रेलवे गेट से रानी दुर्गावती चौक तक सीसी रोड का निर्माण किया जाए। नेपा मिल से होते हुए 7 नंबर तक पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाए। 7 नंबर गेट पर शहीद सीताराम यादव स्वागत द्वार का नवीनीकरण किया जाए। नगर में सरदार भगत सिंह, महात्मा गांधी और रानी दुर्गावती की प्रतिमाएं स्थापित की जाए। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 08 पोल व हाई मास्क लाइट लगाई जाए। इसके अलावा नगर के अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग की जा रही है। धरने के पांचवें दिन महिलाओं ने भजन,कीर्तन कर मां दुर्गा से प्रार्थना की कि प्रशासन को सद्बुद्धि मिले और नगर के विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएं। पार्षद योगिता पाटिल ने कहा कि यदि जल्द ही निर्माण कार्यों को लेकर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो यह आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा।